[ 6/8/2025]

परिशिष्ट - 1

प्रश्न सं. [क्र. 2573]

मध्य प्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल- 462004

भोपाल, दिनांक 9 अप्रैल, 99

आदेश

क्रमांक एफ 2-4/97/बी-2/बीस, राज्य शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 10 दिसम्बर, 97 द्वारा प्रौढ़ शिक्षा के अंतर्गत शेष बचे अमले को पदों सहित आयुक्त, लोक शिक्षण में श्रेणीवार वरिष्ठता प्रदान करते हुए संविलियन किया गया है। उपरोक्त आदेश में सहायक संचालकों को पृथक रखा गया था, क्योंकि तब उनसे संबंधित प्रकरण मान. राज्य. प्रशा. अधि. में विचाराधीन था।

2. माननीय राज्य प्रशासनिक अधिकरण द्वारा ओ. ए. क्र. 492/97 में पारित आदेश के पालन में निर्णय लिया गया है कि प्रौढ़ शिक्षा योजना के वर्तमान स्वरूप के परिप्रेक्ष्य में प्रौढ़ शिक्षा अधिकारियों की उपादेयता तथा प्रौढ़ शिक्षा के किसी न किसी रूप में आगे चलते रहने की संभावना को देखते हुये जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारियों की उपयोगिता व आवश्यकता भविष्य में भी रहेगी।

अतः संचालनालय प्रौढ़ शिक्षा को लोक शिक्षण संचालनालय के अंतर्गत समायोजित कर दिया गया है तथा वह अब आयुक्त, लोक शिक्षण कार्यालय का भाग (विंग) बन गया है। अतएव विभाग में अन्य सहायक संचालकों के साथ जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारियों को नियमानुसार वरीयता/वरिष्ठता देते हुए उनको भी पदोन्नति के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा।

मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(हस्ताक्षर) 9-4-99
(आर. के. तिवारी)
उप सचिव
म. प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग।

पृ० क्र० एफ 2-4/97/बी-2/बीस भोपाल, दिनांक 9 अप्रैल, 99

प्रतिलिपि:-

1. निज सहायक, मंत्री/राज्य मंत्री, स्कूल शिक्षा, म. प्र. भोपाल.

--2...

(हस्ताक्षर)
अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय, भोपाल

2. सचिव, म. प्र. शासन, सामान्य प्रशा. विभाग/वित्त विभाग/समाज कल्याण विभाग मंत्रालय, भोपाल.
3. अवर सचिव, म. प्र. शासन, जन शिकायत निवारण विभाग, मंत्रालय, भोपाल.
4. आयुक्त, लोक शिक्षण, म. प्र. भोपाल.
5. आयुक्त, समाज कल्याण संचालनालय, 1250 तुलसी नगर, भोपाल.
6. संचालक, प्रौढ़ शिक्षा, म. प्र. भोपाल.
7. महालेखाकार, म. प्र. ग्वालियर.
8. श्री वीरेन्द्र खोंगल, अध्यक्ष, म. प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, 1250, भोपाल.
9. श्रीमती प्रीति भार्गव, विधायक, उज्जैन, म. प्र.

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

9/5/95

उप सचिव

म. प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग.

9/5/95

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग (शाखा-1)
मंत्रालय, भोपाल